प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक-20-08-2024

जनपद अम्बेडकरनगर थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 240/24 धारा 108/70(1)BNS थाना राजेसुल्तानपुर से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त हरिश्याम यादव पुत्र बाबूलाल को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा 315, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 315 बरामद ।

घटना के बारे में उल्लेखनीय है कि-दिनांक-16/17-08-2024 की रात्रि को थाना राजेसुल्तानपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम भभौरा में एक 21 वर्षीय बालिका के अपने घर से गई थी और अगले दिन वापस घर आकर आत्महत्या करने के की घटना के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-240/24 धारा-108, 70(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। जिसमें नामजद दो अभियुक्त 01-सत्यम उर्फ भोला यादव पुत्र जयराम यादव निवासी ग्राम समडीह थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर 02-समीर खान पुत्र हैदर अली निवासी ग्राम कादीपुर थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मुकदमा उपरोक्त में तीसरा नामजद अभियुक्त हरिश्याम पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कुल-04 पुलिस टीमों का गठन कर गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे।

आज दिनांक 20-08-2024 को थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की उपरोक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्त हरिश्याम पुत्र बाबू लाल गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे सर्विस रोड के पास खड़ा हुआ है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा दी गई सूचना पर तत्काल गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस मार्ग पर पहुंचकर अभियुक्त को घेराबन्दी कर गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया अभियुक्त द्वारा अपने आप को घिरता हुआ देख पुलिस टीम पर फायर कर दिया जिससे पुलिस टीम द्वारा आत्म रक्षा में फायर किया गया जिससे अभियुक्त हरिश्याम उपरोक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल अभियुक्त को गिरफ्तार कर इलाज हेतु सीएचसी जहांगीरगंज ले जाया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

विवरण गिरफ्तारकर्ता अभियुक्त-

01- हरिश्याम यादव पुत्र बाबूलाल नि0ग्राम अलाउद्दीनपुर थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

विवरण बरामदगी-

01-एक अदद तमंचा .315 बोर

02-एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर

03- एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

01- मु0अ0सं0 240/24 धारा 108/70(1)BNS थाना राजेसुल्तानपुर

02- मु0अ0सं0 244/24 धारा 109(1) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना राजेसुल्तानपुर

गिरफ्तारी स्थान- चोरमरा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे **गिरफ्तारी समय-** 20.05 बजे

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-

01-थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर

02- का0 नरेन्द्र पटेल थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर

03- का0 उदयप्रताप मौर्या थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर

04- का0 धनन्जय यादव थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर

05- उ0नि0 अमरनाथ यादव थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर

06- हे0का0 संतोष यादव थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर

07- का0 सुनील यादव प्रथम थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर

08- का0 रामअवतार यादव थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर